प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एच.पी.एम.सी को आगामी सीजन के लिए मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब खरीद के लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आयोजित एक बैठक के दौरान निगम की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बागवानों की सुविधा के लिए एचपीएमसी की कार्यप्रणाली के तहत अगले खरीद सीजन से पूरी प्रक्रिया और डेटा का डिजिटलीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सेब उत्पादकों, विशेषकर छोटे व सीमांत किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बैठक में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल ने बेहतरीन कार्य किया है। आज शिमला में उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों के प्रदर्शन का सर्वे किया है जिसमें हिमाचल को ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के लिए चयनित किया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए हिमाचल को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये सम्मान 9 मई को मध्य प्रदेश के सिहोर में दिया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इस उपलब्धि में गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए 46 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन राशि मिली है जबकि पीएमजीएसवाई चरण–4 के तहत 2 सौ 50 बस्तियों को जोड़ने के लिए 2 हजार 2 सौ 47 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं।

पंचायत चुनाव

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को वोट डाले जाएंगे। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है और कल 8 मई और 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। पंचायती राज चुनाव चिन्ह पर नहीं होते हैं लेकिन भाजपा ने अपने समर्थित जिला परिषद उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नामांकन के पहले दिन विभिन्न स्थानों पर उम्मीदवारों ने अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। शिमला स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला परिषद चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस और आजाद उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे। जिला परिषद हलोग धामी से भाजपा समर्थित प्रत्याशी कमलेश शर्मा ने नामांकन दाखिल किया और लोगों की मूलभूत सुविधाएं दिलाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

मृत्यु

सिरमौर जिला के देवामानल गांव में दो सगे भाईयों की खड्ड में डूबने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार आठ वर्षीय आयान और नौ वर्षीय अभिनव घर के पास खड्ड के किनारे खेल रहे थे। तंग रास्ते में एक भाई का पांव फिसलने से वो खड्ड में गिर गया और उसे बचाने के लिए दूसरा भाई भी खड्ड में उतर गया। पानी गहरा होने के कारण दोनों भाई डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों व स्थानीय लोगों ने उन्हें खड्ड से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस संशोधन के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को अब राष्ट्रगान जन गण मन के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान किया जाएगा।

————————————